भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.02.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2019 का उत्तर

रामेश्वरम से चेन्नई के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत

2019. श्री दुरई वाइको:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार रामेश्वरम और चेन्नई के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा शुरू करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो प्रस्तावित मार्ग और शुरू करने की समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि तिरुनेलवेली और नागरकोइल के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाओं और तेजस एक्सप्रेस सहित प्रीमियम रेल सेवाओं के कारण श्रीरंगम रेलवे स्टेशन पर निर्धारित ठहराव की कमी है; और

(ग) क्या सरकार एक प्रमुख तीर्थस्थल के रूप में श्रीरंगम के महत्व को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित रामेश्वरम-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए श्रीरंगम रेलवे स्टेशन पर ठहराव बनाने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग) दिनांक 04.02.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर 02 वंदे भारत शयनयान एक्सप्रेस और 164 वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाएं (कुर्सीयान) परिचालित की जा रही हैं। इनमें से, निम्नलिखित 16 वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाएं (कुर्सीयान), प्रारंभ/पर्यंत आधार पर, तमिलनाडु राज्य में स्थित विभिन्न स्टेशनों की आवश्यकताओं पूरी कर रही हैं:

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1.	20671/20672 मदुरै - बेंगलुरु कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस

2.	20627/20628 चेन्नै एषुंबूर - नागरकोइल वंदे भारत एक्सप्रेस
3.	20663/20664 मैसूरु - एमजीआर चेन्नै सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
4.	20641/20642 बेंगलुरु कैंट - कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस
5.	20665/20666 चेन्नै एषुंबूर - तिरुनेलवेली वंदे भारत एक्सप्रेस
6.	20677/20678 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - नारसापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
7.	20643/20644 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस
8.	20607/20608 एमजीआर चेन्नै - मैसूरु सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस

चेन्नै - रामेश्वरम खंड के यात्रियों की सुविधा के लिए, 06.04.2025 से 16103/16104 ताम्बरम - रामेश्वरम एक्सप्रेस का परिचालन शुरू किया गया हैं। तदनुसार, इस समय चेन्नै - रामेश्वरम खंड पर निम्नलिखित 7 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं :

क्र.सं.	रेलगाड़ी सं. और नाम
1	16103/16104 ताम्बरम - रामेश्वरम एक्सप्रेस
2	22535/22536 रामेश्वरम - बनारस एक्सप्रेस
3	20849/20850 भुवनेश्वर - रामेश्वरम एक्सप्रेस
4	20497/20498 रामेश्वरम - फिरोज़पुर छावनी हमसफर एक्सप्रेस
5	22613/22614 रामेश्वरम - अयोध्या छावनी एक्सप्रेस
6	22661/22662 चेन्नै एषुंबूर - रामेश्वरम एक्सप्रेस
7	16751/16752 चेन्नै एषुंबूर - रामेश्वरम एक्सप्रेस

इस समय श्रीरंगम स्टेशन पर निम्नलिखित 28 रेलगाड़ी सेवाए उपलब्ध हैं जो अन्य शहरों के साथ-साथ तिरुनेलवेली, नागरकोविल, चेन्नै, रामेश्वरम जैसे शहरों के लिए रेलसंपर्क उपलब्ध कराती हैं।

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	16121 ताम्बरम - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल अमृत भारत एक्सप्रेस
2	16122 तिरुवनंतपुरम सेंट्रल - ताम्बरम अमृत भारत एक्सप्रेस
3	12605 चेन्नै एषुंबूर - कारैक्कुडि एक्सप्रेस
4	12606 कारैक्कुडि - चेन्नै एषुंबूर एक्सप्रेस
5	12635 चेन्नै एषुंबूर - मदुरै एक्सप्रेस
6	12636 मदुरै - चेन्नै एषुंबूर एक्सप्रेस
7	12653 चेन्नै एषुंबूर - तिरुच्चिराप्पल्लि एक्सप्रेस
8	12654 तिरुच्चिराप्पल्लि - चेन्नै एषुंबूर एक्सप्रेस
9	12663 हावड़ा - तिरुच्चिराप्पल्लि एक्सप्रेस
10	12664 तिरुच्चिराप्पल्लि - हावड़ा एक्सप्रेस
11	12666 कन्याकुमारी - हावड़ा एक्सप्रेस
12	16127 चेन्नै एषुंबूर - गुरुवायूर एक्सप्रेस
13	16128 गुरुवायूर - चेन्नै एषुंबूर एक्सप्रेस
14	16159 चेन्नै एषुंबूर - मंगलूरु सेंट्रल एक्सप्रेस
15	16160 मंगलूरु सेंट्रल - चेन्नै एषुंबूर एक्सप्रेस
16	16351 छत्रपती शिवाजी महाराज (टर्मिनस) - नागरकोविल एक्सप्रेस
17	16352 नागरकोविल - छत्रपती शिवाजी महाराज (टर्मिनस) एक्सप्रेस
18	16857 पुदुच्चेरी - मंगलूरु सेंट्रल एक्सप्रेस

19	16858 मंगलूरु सेंट्रल - पुदुच्चेरी एक्सप्रेस
20	16867 विलुप्पुरम - दिंडुक्कल एक्सप्रेस
21	16868 दिंडुक्कल - विलुप्पुरम एक्सप्रेस
22	22631 मदुरै - बिकानेर एक्सप्रेस
23	22632 बिकानेर - मदुरै एक्सप्रेस
24	22661 चेन्नै एषुंबूर - रामेश्वरम एक्सप्रेस
25	56111 विलुप्पुरम - तिरुच्चिराप्पल्लि मेमू
26	56112 तिरुच्चिराप्पल्लि - विलुप्पुरम मेमू
27	76811 तिरूप्पादिरिप्पुलियूर - तिरुच्चिराप्पल्लि डीएमयू
28	76812 तिरुच्चिराप्पल्लि - तिरूप्पादिरिप्पुलियूर डीएमयू

श्रीरंगम स्टेशन के यात्रियों की सुविधा हेतु, श्रीरंगम स्टेशन पर ठहराव के साथ 28.01.2026 से 16121/16122 ताम्बरम - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू किया गया है।

इसके अलावा, वंदे भारत गाड़ी सेवाओं सहित, नई रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना एक सतत् प्रक्रिया है जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें शामिल हैं:

- संबंधित खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता

इसी प्रकार, गाड़ी सेवाओं के लिए ठहराव का प्रावधान उस खंड पर अतिरिक्त समय की उपलब्धता और प्लेटफार्म की लंबाई आदि जैसी समान अवसंरचना की उपलब्धता सहित यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता जैसे कारकों पर निर्भर करता है। यह भारतीय रेल में एक सतत् प्रक्रिया है।

******